>

Title: Need to permit Members of Lok Sabha to recommend admission of children belonging to their constituency and residing outside the constituency under MP quota to Kendriya Vidyalayas located outside the constituency.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): केन्द्रीय विद्यालयों में सांसद कोटे को बढ़ाकर 6 प्रवेश तक करने का सरकार का फैसला स्वागत योग्य है। मैं इसी क्रम में यह सुझाव देना चाहता हूं कि 6 प्रवेश संसदीय क्षेत्र तथा 2 प्रवेश समस्त भारत में कहीं भी देने का प्रावधान कर दिया जाये क्योंकि संसदीय क्षेत्र से ही ऐसे बच्चे अथवा उनके माता-पिता देश में अन्य जगहों पर नौकरी या अपने धंधे में बाहर रहते हैं, जिनको इस प्रकार की मदद की आवश्यकता होती है। ऐसी अवस्था में हर संसद सदस्य उनकी मदद समस्त भारतवर्ष में कर सकता है। मुझे आशा है, मेरे इस विचार एवं सुझाव से मेरे सभी साथी सांसद भी सहमत होंगे। कृपया इसे अमल में लाने हेतु सरकार कोशिश करें।